**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 901**

**23 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एकीकृत वस्त्र पार्क योजना**

**901. श्री प्रताप सिम्हाः**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः**
**श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः**
**डॉ. उमेश जी. जाधवः**
**श्री तेजस्वी सूर्याः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) देश में एकीकृत वस्त्र पार्क (एस.आई.टी.पी.) योजना के तहत स्वीकृत और विकसित वस्त्र पार्कों की संख्या कितनी है और इनमें से कुछ पार्कों की स्थापना में देरी के क्या कारण हैं;

(ख) देश में विशेष रूप से कर्नाटक राज्य में ऐसे एस.आई.टी.पी. की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (एम.आई.टी.आर.ए.) पैकेज के माध्यम से मेगा वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने एम.आई.टी.आर.ए. पार्कों के लिए स्थानों को अंतिम रूप दे दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) एस.आई.टी.पी. और एम.आई.टी.आर.ए. वस्त्र पार्कों के बीच क्या अंतर है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) और (ख):** एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) की योजना के तहत 66 पार्कों को मंजूरी दी गई थी। 66 वस्त्र पार्कों में से, 10 पार्क रद्द कर दिए गए हैं, 24 पार्क पूरे हो चुके हैं और 32 विभिन्न चरणों में कार्यान्वयन के अधीन हैं। प्रारंभ में दो पार्क अर्थात डोड्डाबालापुर एकीकृत वस्त्र पार्क और गुलबर्गा वस्त्र पार्क को कर्नाटक राज्य में मंजूरी दी गई। डोड्डाबालापुर एकीकृत वस्त्र पार्क को योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरा कर लिया गया है और गुलबर्गा वस्त्र पार्क को रद्द कर दिया गया है।

**(ग) से (ङ):** केंद्रीय बजट 2021-22 में, यह घोषणा की गई है कि मेगा निवेश वस्त्र पार्कों की एक योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इस योजना के तहत, अगले तीन वर्षों में देश में सात मेगा वस्त्र पार्क स्थापित किए जाएंगे। वस्त्र मंत्रालय प्रस्तावित योजना हेतु मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया कर रहा है। एक बार, प्रस्तावित योजना को मंजूरी दे दी जाती है और तौर-तरीकों को अंतिम रूप दे दिया जाता है, तब स्थान, सरकारी वित्त पोषण संरचना आदि का विवरण तय किया जाएगा।

**(च):** एसआईटीपी के तहत, प्रत्येक वस्त्र पार्क में कम से कम 25 एकड़ जमीन होनी चाहिए। उत्तर-पूर्वी और अन्य विशेष श्रेणी के राज्यों के मामले में, आवश्यकता 10 एकड़ जमीन की होगी। तथापि, प्रस्तावित मेगा निवेश वस्त्र पार्क योजना के तहत, जिनके तौर-तरीकों का निर्णय योजना को मंजूरी देते समय मंत्रिमंडल द्वारा किया जाएगा, अर्थव्यवस्थाओं के स्तर एवं आकार को प्राप्त करने के लिए भूमि का आकार 1000 + एकड़ होगा।

***